रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट सीधे तालिका में दिए गए अनुसार दिए जाने चाहिए।

| संख्या/ प्रतीक | 9 | 2 | @ | & | 3 | 4 | 5 | % | 1 | 8 | Δ | 7 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | L | C | Z | M | D | W | A | P | R | T | F | B | K |

शर्तें:
(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
7 & 2 @ 9 % 2

**Ans**
✗ 1. © M C Z P L ©
✗ 2. M M C Z L P ©
✗ 3. © M Z C L P ©
✓ 4. © M C Z L P ©

**Q.2** 5 शर्ट और 7 पतलून की कुल कीमत ₹6,150 है तथा 3 शर्ट की कीमत, 4 पतलून की कीमत के बराबर है। 2 शर्ट और 2 पतलून की कुल कीमत (₹ में) कितनी है?

**Ans**
✗ 1. 2,150
✓ 2. 2,100
✗ 3. 2,400
✗ 4. 2,250

**Q.3** निम्नलिखित में से किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर - गैर-अंग्रेजी भाषा के लिए 2025 गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता?

**Ans**
✗ 1. आल वी इमेज़िन एज़ लाइट (All We Imagine as Light)
✗ 2. द गर्ल विद द निडल (The Girl With The Needle)
✓ 3. एमिलिया पेरेज़ (Emilia Pérez)
✗ 4. आयम स्टिल हियर (I'm Still Here)

Q.4 आशीष का वेतन ₹11,000 प्रति माह है। वह ₹4,000 घर के किराए पर और ₹1,500 बिलों पर खर्च करता है, और बाकी रकम उसकी मासिक बचत है। एक साल में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात करें, यदि उसके जन्मदिन के महीने में, उसने अपनी सारी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर दी।

Ans
1. 55,000
2. 66,000
3. 49,500
4. 60,500

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में लगाया जाने वाला अप्रत्यक्ष कर है?

Ans
1. पूंजीगत लाभ कर
2. समतुल्यीकरण शुल्क
3. वस्तु एवं सेवा कर
4. कॉर्पोरेट कर

Q.6 समचतुर्भुज के विकर्णों के गुणधर्मों के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए।

Ans
1. समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर नहीं होते हैं, जो समकोणों पर प्रतिच्छेद करते हैं और एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
2. समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर होते हैं, जो समकोणों पर प्रतिच्छेद करते हैं और एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
3. समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर होते हैं, जो समकोणों पर प्रतिच्छेद नहीं करते हैं और एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।
4. समचतुर्भुज के विकर्ण बराबर होते हैं, जो समकोणों पर प्रतिच्छेद करते हैं और एक-दूसरे को समद्विभाजित नहीं करते हैं।

Q.7 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। N और Z के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। P के ऊपर केवल M रहता है। Y सम संख्या वाले किसी तल पर रहता है। N सबसे निचले तल पर रहता है। O और M के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. एक
2. तीन
3. चार
4. दो

Q.8 किस देश में 48वीं संसद के सदस्यों के चुनाव के लिए 3 मई 2025 को संघीय चुनाव हुए?

Ans
1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. न्यूजीलैंड
4. यूनाइटेड किंगडम

Q.9 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

HO-JQ-LN
JQ-LS-NP

Ans
1. KS-NV-PQ
2. LS-NU-PQ
3. LS-NU-PR
4. KS-NU-PQ

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AHE CJG ELI GNK ?

Ans
1. ION
2. IPN
3. IPM
4. IOM

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 38 से विभाज्य है?

**Ans**
✗ 1. 2620
✓ 2. 1938
✗ 3. 2423
✗ 4. 1495

**Q.12** दो संकेन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ 10 cm और 26 cm हैं। बड़े वृत्त की उस जीवा की लंबाई ज्ञात कीजिए, जो छोटे वृत्त की स्पर्श रेखा है।

**Ans**
✗ 1. 20 cm
✗ 2. 50 cm
✓ 3. 48 cm
✗ 4. 52 cm

**Q.13** यदि दो संख्याओं का अनुपात 3 : 16 है तथा उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल 432 है, तो उनके लघुत्तम समापवर्त्य तथा महत्तम समापवर्तक के व्युत्क्रमों का योगफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. $\frac{49}{151}$
✗ 2. $\frac{49}{145}$
✗ 3. $\frac{49}{159}$
✓ 4. $\frac{49}{144}$

**Q.14** एक वाटर गीजर का खुदरा मूल्य ₹11,300 है। यदि निर्माता को 5%, थोक विक्रेता को 10% और खुदरा विक्रेता को 15% का लाभ होता है, तो वाटर गीजर का क्रय मूल्य ज्ञात करें (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

(नोट: निर्माता थोक विक्रेता को बेचता है, थोक विक्रेता खुदरा विक्रेता को बेचता है और खुदरा विक्रेता ग्राहक को बेचता है।)

**Ans**
✗ 1. ₹9,500.75
✗ 2. ₹6,050.25
✗ 3. ₹10,110.11
✓ 4. ₹8,507.43

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-से अक्षर-समूह # और % के स्थान पर आने चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : UWC :: OHW : %

**Ans**
✗ 1. # = QMY, % = MCU
✗ 2. # = KXS, % = SRA
✗ 3. # = MCU, % = KXS
✓ 4. # = SRA, % = QMY

**Q.16** उनहत्तरवें संशोधन अधिनियम, 1991 ने दिल्ली को क्या विशेष दर्जा दिया?

**Ans**
✗ 1. राज्यपाल के माध्यम से दिल्ली को राष्ट्रपति के नियंत्रण में लाया गया
✗ 2. दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया
✗ 3. दिल्ली को बिना विधानसभा वाला केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया
✓ 4. दिल्ली को विधानसभा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया

Q.17 ₹1,680 की धनराशि 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कितने समय (वर्ष में) में ₹2,100 हो जाएगी?

Ans
✔ 1. 6.25
✘ 2. 7.25
✘ 3. 8.25
✘ 4. 5.25

Q.18 गरीबों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान किस संवैधानिक अनुच्छेद में किया गया है?

Ans
✘ 1. अनुच्छेद 44
✘ 2. अनुच्छेद 32
✘ 3. अनुच्छेद 21
✔ 4. अनुच्छेद 39A

Q.19 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
E एक अभाज्य संख्या वाले तल पर रहता है। E और A जिन तलों पर रहते हैं, उनका गुणनफल 8 है। C, F के ठीक ऊपर वाले तल रहता है। A और B जिन तलों पर रहते हैं, उनका योगफल 7 है।
C और E के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✔ 1. तीन
✘ 2. चार
✘ 3. दो
✘ 4. एक

Q.20 2 पुरुष या 9 महिलाएं किसी काम को 14 दिनों में कर सकती हैं। 2 पुरुष 9 दिनों तक काम करते हैं और फिर काम छोड़ देते हैं। शेष काम को 9 दिनों में पूरा करने के लिए कितनी महिलाओं की आवश्यकता होगी?

Ans
✘ 1. 2
✔ 2. 5
✘ 3. 3
✘ 4. 4

Q.21 अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{5}$ चाल से चलने पर अभिजीत अपने कार्यालय 48 मिनट की देरी से पहुंचता है।

अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
✘ 1. 37 मिनट
✘ 2. 33 मिनट
✔ 3. 32 मिनट
✘ 4. 40 मिनट

Q.22 एक दुकानदार ने अपने सामान पर लागत मूल्य से X% अधिक मूल्य अंकित किया तथा उसे 16% की छूट पर बेचा। यदि उसे 68% का लाभ हुआ, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 101
✘ 2. 102
✘ 3. 99
✔ 4. 100

Q.23 एक म्यूजिक सेट की मूल कीमत ₹8,000 है। उसकी कीमत में 12% की कमी की गई और फिर 20% की वृद्धि की गई। इसकी नई कीमत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 7,748
✘ 2. 8,948
✔ 3. 8,448
✘ 4. 7,948

Q.24 DNA पॉलीमरेज, DNA प्रतिकृति के दौरान न्यूक्लिओटाइड के योजन को उत्प्रेरित करता है। इसका मुख्य कार्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. पश्चगामी रज्जुक से RNA प्रारंभक को हटाना
- ✓ 2. टेम्पलेट के पूरक नए DNA रज्जुक को संश्लेषित करना
- ✗ 3. ओकाजाकी खंडों को एक साथ जोड़ना
- ✗ 4. DNA द्वि-कुंडलिनी को खोलना

Q.25 यदि x + y = 10 है, तथा x और y का गुणनफल 16 है, तो $x^4 + y^4$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 4175
- ✓ 2. 4112
- ✗ 3. 4073
- ✗ 4. 4092

Q.26 एक निश्चित कूट भाषा में, 'NOSE' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'OILY' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 1
- ✗ 2. 7
- ✗ 3. 2
- ✓ 4. 5

Q.27 y, (x+3) के अनुक्रमानुपाती है। x = 1 होने पर y = 8 होता है। x = 2 होने पर y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 5
- ✓ 2. 10
- ✗ 3. 8
- ✗ 4. 2

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. GJ - PS
- ✓ 2. MQ - UZ
- ✗ 3. JM - SV
- ✗ 4. EH - NQ

Q.29 द्विघात समीकरण $3x^2 + 2x + 5 = 0$ के मूलों की प्रकृति निर्धारित कीजिए।

Ans
- ✗ 1. वास्तविक और समान मूल
- ✗ 2. 2 से अधिक वास्तविक मूल
- ✗ 3. वास्तविक और भिन्न मूल
- ✓ 4. सम्मिश्र मूल (काल्पनिक मूल)

Q.30 यदि संख्या 7362145 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 28
- ✓ 2. 24
- ✗ 3. 20
- ✗ 4. 26

Q.31 2025 में पद्म विभूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा मूल रूप से किन भारतीय भाषाओं में गायन के लिए प्रसिद्ध थीं?

Ans
- ✗ 1. मराठी और कोंकणी
- ✓ 2. भोजपुरी और मैथिली
- ✗ 3. असमिया और बोडो
- ✗ 4. पंजाबी और कश्मीरी

Q.32 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 8 £ 6 @ & % 4 6 @ 8 $ 7 & 3 Ω 9 # 1 * 4 5 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद में एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✓ 2. एक
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. तीन

Q.33 एक व्यक्ति अपनी आय का 40% बचाता है। यदि उसका व्यय ₹480 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
- ✗ 1. 288
- ✓ 2. 800
- ✗ 3. 192
- ✗ 4. 840

Q.34 यदि $a^2 + b^2 = 144$, $a \times b = 24$ और $a > b$ है, तो $\frac{a-b}{a+b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{1}{2}$
- ✓ 2. $\sqrt{\frac{1}{2}}$
- ✗ 3. $\sqrt{\frac{1}{3}}$
- ✗ 4. $\frac{1}{3}$

Q.35 कौन-सी हिमालयी पर्वत शृंखला सबसे उत्तरी है और इसमें सबसे ऊंची चोटियाँ स्थित हैं?

Ans
- ✗ 1. पूर्वांचल
- ✓ 2. हिमाद्रि
- ✗ 3. शिवालिक
- ✗ 4. हिमाचल हिमालय

Q.36 A किसी कार्य को 57 घंटे में पूरा कर सकता है, B और C मिलकर उसे 28 घंटे में पूरा कर सकते हैं, जबकि A और C मिलकर उसे 19 घंटे में पूरा कर सकते हैं। B अकेले इस कार्य को पूरा करने में कितना समय (घंटों में) लेगा?

Ans
- ✗ 1. 1597
- ✗ 2. 1598
- ✓ 3. 1596
- ✗ 4. 1595

**Q.37** सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। I के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। I और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, P के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K, P के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। O और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✓ 2. तीन
- ✗ 3. एक
- ✗ 4. दो

**Q.38** प्रेक्षण 87, 56, 79, 81, 11, 53, 94, 45, 32, 99 और 98 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
- ✗ 1. 81
- ✗ 2. 56
- ✗ 3. 53
- ✓ 4. 79

**Q.39** माइस्नर प्रभाव, द्रव्य की किस अवस्था का निर्धारक अभिलक्षण है?

Ans
- ✗ 1. लौहचुंबकीय अवस्था
- ✓ 2. अतिचालक अवस्था
- ✗ 3. अनुचुंबकीय अवस्था
- ✗ 4. रोधी अवस्था

**Q.40** मोहनजोदड़ो में पाई गई दाढ़ी वाले पुरुष (bearded man) की मूर्ति किस सामग्री से बनी है?

Ans
- ✗ 1. काँस्य
- ✗ 2. ताँबा
- ✗ 3. टेराकोटा
- ✓ 4. पत्थर

**Q.41** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

50, 4
80, 7

Ans
- ✓ 1. 70, 6
- ✗ 2. 100, 11
- ✗ 3. 90, 11
- ✗ 4. 60, 6

**Q.42** 10 से 14 फरवरी 2025 तक, भारत ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) के वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी किस शहर में की?

Ans
- ✓ 1. नई दिल्ली
- ✗ 2. हैदराबाद
- ✗ 3. अहमदाबाद
- ✗ 4. गांधीनगर

Q.43 A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H के दाईं ओर गिनने पर H और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H और G के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B और G के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
D के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ 1. A
- ✓ 2. I
- ✗ 3. C
- ✗ 4. G

Q.44 $\frac{36}{9} \times (74 + 12) + 99$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 446
- ✗ 2. 449
- ✓ 3. 443
- ✗ 4. 444

Q.45 ठुमरी घराने निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित हैं?

Ans
- ✗ 1. आगरा और कैराना
- ✓ 2. बनारस और लखनऊ
- ✗ 3. पटियाला और तलवंडी
- ✗ 4. ग्वालियर और भोपाल

Q.46 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ बंदूकें, बम हैं।
कुछ बंदूकें, कार्गो हैं।
कुछ बम, राइफल हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ बंदूकें, राइफल हैं।
(II): कुछ बम, कार्गो हैं।

Ans
- ✓ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.47 20 ड्यूल डेस्क और 12 कुर्सियाँ ₹79,600 में खरीदी गईं। यदि एक ड्यूल डेस्क की औसत कीमत ₹3,500 थी, तो एक कुर्सी की औसत कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹950
- ✗ 2. ₹850
- ✗ 3. ₹920
- ✓ 4. ₹800

Q.48 दिसंबर 2024 में, सामाजिक न्याय के क्षेत्र में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के योगदान का स्मरण करने के लिए कौन-सा दिवस मनाया गया?

Ans
- ✓ 1. महापरिनिर्वाण दिवस
- ✗ 2. राष्ट्रीय समता दिवस
- ✗ 3. संविधान दिवस
- ✗ 4. अंबेडकर स्मृति दिवस

**Q.49** चंद्रगुप्त द्वितीय का पुत्र और उत्तराधिकारी कौन था?

**Ans**

✔ 1. कुमारगुप्त प्रथम

✘ 2. समुद्रगुप्त

✘ 3. स्कंदगुप्त

✘ 4. रामगुप्त

**Q.50** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 898 740 280 169 993 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**

✔ 1. 18

✘ 2. 17

✘ 3. 19

✘ 4. 21

**Q.51** 104वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2020 के अंतर्गत किस प्रावधान को बढ़ाया गया?

**Ans**

✘ 1. चुनावों के लिए मतदान की आयु

✘ 2. लोकसभा का कार्यकाल

✔ 3. विधानसभाओं में SC/ST के लिए आरक्षण

✘ 4. GST परिषद का कार्यकाल

**Q.52** टेट्राक्लोरोमेथेन का उपयोग मुख्यतः विनिर्माण में किस लिए किया जाता है?

**Ans**

✔ 1. प्रशीतक और ऐरोसॉल नोदकों के उत्पादन के लिए

✘ 2. कांच विनिर्माण और सिरेमिक उपचार के लिए

✘ 3. ऊनी कपड़ों की रंगाई और रंगत के लिए

✘ 4. उर्वरक उत्पादन और पीड़कनाशी शोधन के लिए

**Q.53** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 773 263 387 270 378 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे छोटी संख्या के पहले अंक को सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**

✘ 1. 4

✔ 2. 5

✘ 3. 8

✘ 4. 6

**Q.54** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FMT AHO VCJ QXE ?

**Ans**

✔ 1. LSZ

✘ 2. ZSL

✘ 3. LZS

✘ 4. ZLS

Q.55 दामोदर नदी निम्नलिखित में से किस पठार से होकर बहती है?

Ans
- ✔ 1. छोटानागपुर का पठार
- ✘ 2. मालवा का पठार
- ✘ 3. दक्कन का पठार
- ✘ 4. मेघालय का पठार

Q.56 निम्नलिखित में से किस शॉर्टकट कुंजियों का उपयोग पावरपॉइंट में प्रेजेंटेशन को शीघ्रता से ओपन करने के लिए किया जा सकता है?

Ans
- ✘ 1. Shift + O
- ✘ 2. Tab + O
- ✔ 3. Ctrl + O
- ✘ 4. Alt + O

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य मार्च 2025 में वरिष्ठ नागरिक आयोग स्थापित करने वाला पहला राज्य बन गया?

Ans
- ✘ 1. महाराष्ट्र
- ✔ 2. केरल
- ✘ 3. तमिलनाडु
- ✘ 4. गुजरात

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूहव्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ 1. FHL
- ✔ 2. BEH
- ✘ 3. ACG
- ✘ 4. SUY

Q.59 वी.ओ. चिदंबरम पिल्लई निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल थे?

Ans
- ✘ 1. बॉम्बे
- ✔ 2. मद्रास
- ✘ 3. कलकत्ता
- ✘ 4. दिल्ली

Q.60 राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के अनुसार, 2036 तक भारत की जनसंख्या लगभग कितनी होगी?

Ans
- ✘ 1. 1.38 बिलियन
- ✘ 2. 1.32 बिलियन
- ✘ 3. 1.45 बिलियन
- ✔ 4. 1.52 बिलियन

Q.61 वर्ष 1945 में, वारली जनजाति का किसान संघर्ष भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में हुआ था?

Ans
- ✘ 1. गुजरात
- ✘ 2. मिजोरम
- ✔ 3. महाराष्ट्र
- ✘ 4. केरल

Q.62 मार्च 2025 में, भारत ने अफ्रीकी देशों के साथ समुद्री सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से किस नौसैनिक अभ्यास के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी की?

Ans
✔ 1. अफ्रीका-भारत प्रमुख समुद्री सहभागिता
✘ 2. हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS)
✘ 3. अभ्यास मिलन (Exercise MILAN)
✘ 4. अभ्यास वरुण (Exercise VARUNA)

Q.63 निम्नलिखित में से कौन सा घटक सीपीयू का हिस्सा नहीं है?

Ans
✘ 1. कैश मेमोरी (Cache memory)
✘ 2. अर्थमैटिक लॉजिक यूनिट (ALU)
✘ 3. कंट्रोल यूनिट (CU)
✔ 4. हार्ड डिस्क ड्राइव (HDD)

Q.64 प्रबीन बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर से दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 4 km दक्षिण की ओर
✔ 2. 4 km उत्तर की ओर
✘ 3. 5 km उत्तर की ओर
✘ 4. 3 km उत्तर की ओर

Q.65 एक कक्षा के दो सेक्शन A और B हैं, जिनमें क्रमशः 22 और 44 विद्यार्थी हैं। यदि सेक्शन A का औसत वजन 40 kg है और सेक्शन B का औसत वजन 34 kg है, तो पूरी कक्षा का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 37
✘ 2. 35.5
✘ 3. 36.5
✔ 4. 36

Q.66 एक निश्चित कूट भाषा में, ‘read this book’ को ‘op st qr’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘book on table’ को ‘qr lm pq’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में ‘book’ को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✘ 1. pq
✘ 2. lm
✘ 3. op
✔ 4. qr

Q.67 दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
13 26 29 58 61 122 125 ?

Ans
✔ 1. 250
✘ 2. 128
✘ 3. 131
✘ 4. 225

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M + N ÷ O – P × Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पत्नी के पिता की बहन
✗ 2. पत्नी की माता की माता
✓ 3. पत्नी के पिता की माता
✗ 4. पत्नी की माता की बहन

Q.69 दिसंबर 2024 में, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित स्कूल स्तरीय प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित में से कौन सी खेल प्रतियोगिताएं शामिल की गईं?

Ans
✗ 1. क्रिकेट और बैडमिंटन
✗ 2. टेनिस और तैराकी
✓ 3. कबड्डी और खो-खो
✗ 4. बास्केटबॉल और एथलेटिक्स

Q.70 $\left(\frac{21}{8}\right)^{12} \times \left(\frac{8}{21}\right)^{14} \times \left(\frac{21}{8}\right)^{14} = \left(\frac{8}{21}\right)^{9m+20}$ के लिए m का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $-\frac{37}{9}$
✓ 2. $-\frac{32}{9}$
✗ 3. $-\frac{22}{9}$
✗ 4. $-\frac{25}{9}$

Q.71 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन के संबंध में 'सेफ्टी वाल्व' सिद्धांत से सर्वाधिक रूप से कौन संबन्धित है?

Ans
✗ 1. डब्ल्यू.सी. बनर्जी
✓ 2. ए.ओ. ह्यूम
✗ 3. लॉर्ड डफरिन
✗ 4. दादाभाई नौरोजी

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर LQRU एक निश्चित तर्क के अनुसार ONTS से संबंधित है। RKVQ उसी तर्क के अनुसार UHXO से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए XEZM दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✗ 1. BCAK
✓ 2. ABBK
✗ 3. BABJ
✗ 4. ZBZL

Q.73 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

601 600 597 592 585 ?

Ans
✗ 1. 577
✓ 2. 576
✗ 3. 571
✗ 4. 573

Q.74 टाउन E, टाउन F के पूर्व में है। टाउन F, टाउन G के दक्षिण में है। टाउन G, टाउन H के पूर्व में है। टाउन H, टाउन I के पश्चिम में है। टाउन E, टाउन I के दक्षिण-पश्चिम में है। टाउन I के संबंध में टाउन G की स्थिति क्या है?

Ans
1. दक्षिण ✗
2. पूर्व ✗
3. पश्चिम ✓
4. उत्तर ✗

Q.75 10.6 m लंबी एक सीढ़ी, दीवार के सहारे टिकी हुई है। यह ज़मीन से 30° का कोण बनाती है। दीवार पर सीढ़ी कितनी ऊँचाई तक पहुँचेगी?

Ans
1. 5.3 m ✓
2. 5.6 m ✗
3. $5.3\sqrt{2}$ m ✗
4. $5.3\sqrt{3}$ m ✗

Q.76 आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार, 2022-23 की अवधि के दौरान ग्रामीण भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर कितनी थी?

Ans
1. 4.0% ✗
2. 5.1% ✗
3. 2.4% ✓
4. 3.5% ✗

Q.77 विंडोज़ में कौन-सा फीचर आपको आसान एक्सेस के लिए बार-बार उपयोग किए जाने वाले फ़ोल्डरों के लिए शॉर्टकट बनाने की सुविधा देता है?

Ans
1. लाइब्रेरी ✗
2. टास्क बार ✗
3. फ़ाइल एक्सप्लोरर ✗
4. क्विक एक्सेस ✓

Q.78 सीथियन या शक मूल रूप से _______ से आए थे।

Ans
1. दक्षिण भारत ✗
2. दक्षिण पूर्व एशिया ✗
3. पूर्वी यूरोप ✗
4. मध्य एशिया ✓

Q.79 किस देश ने 2025 में एशियाई विकास बैंक (ADB) की 58वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी की, जहाँ भारत ने रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 पर चर्चा की?

Ans
1. जापान ✗
2. भारत ✗
3. चीन ✗
4. इटली ✓

Q.80 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| अंक | 13 | 27 | 59 | 61 | 97 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 95 | 57 | 80 | 98 | 73 |

Ans
1. 45 ✗
2. 51 ✓
3. 74 ✗
4. 31 ✗

Q.81 फ़ाइल डिलीट करने के संदर्भ में, GUI-आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम में फ़ाइल को 'ट्रैश' या 'रीसायकल बिन' में मूव करने का सामान्य तत्काल प्रभाव क्या होता है?

Ans
✔ 1. फ़ाइल को एक विशेष डायरेक्ट्री में ले जाया जाता है, और इसकी डायरेक्ट्री प्रविष्टि को अपडेट किया जाता है, लेकिन डेटा स्टोरेज डिवाइस पर बना रहता है।
✘ 2. फ़ाइल का डेटा तुरंत ओवरराइट हो जाता है और उसे पुनर्प्राप्त नहीं किया जा सकता।
✘ 3. फ़ाइल को स्थायी रूप से डिलीट करने से पहले कंप्रेस (compressed) और आर्काइव (archived) किया जाता है।
✘ 4. फ़ाइल का मेटाडेटा (inode or equivalent) फ़ाइल सिस्टम से तुरंत हटा दिया जाता है।

Q.82 पानी के एक घनाभाकार टैंक की धारिता 70,000 लीटर है। यदि टैंक की लंबाई और गहराई क्रमशः 4 m और 10 m है, तो इसकी चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 1.75 m
✘ 2. 1.95 m
✘ 3. 1.85 m
✘ 4. 1.65 m

Q.83 विजय अपनी कक्षा में शीर्ष से 34वें स्थान पर तथा नीचे से 11वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✘ 1. 42
✔ 2. 44
✘ 3. 43
✘ 4. 45

Q.84 वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्मार्ट सिटी मिशन में कितना बजट आवंटित किया गया?

Ans
✘ 1. ₹12,000 करोड़
✘ 2. ₹6,000 करोड़
✘ 3. ₹10,000 करोड़
✔ 4. ₹8,000 करोड़

Q.85 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुप्रयोग से संबंधित है?

Ans
✘ 1. अनुच्छेद 39
✘ 2. अनुच्छेद 36
✔ 3. अनुच्छेद 37
✘ 4. अनुच्छेद 38

Q.86 भारतीय अंतरिक्ष संघ (ISpA) के अनुसार, 2025 में रक्षा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 52 उपग्रहों में से ________ उपग्रह, निजी क्षेत्र (private sector) द्वारा निर्मित किए जाने की उम्मीद है।

Ans
✘ 1. 21
✘ 2. 41
✔ 3. 31
✘ 4. 52

Q.87 यदि a : b = 3 : 4 और b : c = 4 : 7 है, तो $\frac{a+b+c}{c}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\frac{7}{2}$
✘ 2. $\frac{14}{3}$
✔ 3. 2
✘ 4. 14

Q.88 अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{5}$ चाल से चलने पर अभिजीत अपने कार्यालय 18 मिनट देरी से पहुंचता है। अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
✔ 1. 12 मिनट
✘ 2. 11 मिनट
✘ 3. 9 मिनट
✘ 4. 2 मिनट

Q.89 यदि संख्या 8457312 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
✘ 1. 6
✘ 2. 9
✘ 3. 7
✔ 4. 8

Q.90 एक ठोस धात्विक गोले का व्यास 42 cm है। इसे पिघलाकर 0.6 cm अनुप्रस्थ-काट व्यास वाला एक तार बनाया जाता है। तार की लंबाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 1372
✘ 2. 1364
✘ 3. 1362
✘ 4. 1367

Q.91 यदि '-' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '+' है और '+' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3 ÷ 45 × 855 − 19 + 16 = ?

Ans
✘ 1. 136
✘ 2. 460
✘ 3. 180
✔ 4. 164

Q.92 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 पर, किस भारतीय बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए एक कोलेटरल-फ्री डिजिटल SME ऋण 'अस्मिता (Asmita)' की शुरूआत की?

Ans
✘ 1. एक्सिस बैंक
✔ 2. भारतीय स्टेट बैंक
✘ 3. HDFC बैंक
✘ 4. बैंक ऑफ बड़ौदा

Q.93 MS वर्ड 365 में, चयनित टेक्स्ट से मैन्युअल कैरेक्टर फ़ॉर्मेटिंग (manual character formatting) हटाने का शॉर्टकट क्या है?

Ans
✘ 1. Ctrl + Z
✔ 2. Ctrl + Spacebar
✘ 3. Ctrl + B
✘ 4. Ctrl + Shift + N

Q.94 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

51 ÷ 12 + 162 × 3 − 104 =?

Ans
✘ 1. 672
✔ 2. 662
✘ 3. 642
✘ 4. 652

Q.95 ईस्ट इंडिया कंपनी के 1773 के रेगुलेटिंग एक्ट के अनुसार, मद्रास और बॉम्बे के गवर्नर नियमित रूप से किसे रिपोर्ट करते थे?

Ans
- ✗ 1. ब्रिटिश क्राउन (The British Crown)
- ✗ 2. कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स (Court of Directors)
- ✓ 3. गवर्नर जनरल (The Governor General)
- ✗ 4. ब्रिटिश संसद (The British Parliament)

Q.96 भगवद गीता की दार्शनिक व्याख्या करने वाली पुस्तक "गीता रहस्य" निम्नलिखित में से किस नेता द्वारा लिखी गई थी?

Ans
- ✗ 1. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✗ 2. अरविंद घोष
- ✗ 3. महात्मा गांधी
- ✓ 4. बाल गंगाधर तिलक

Q.97 18 नवंबर 2004 को जब भारत में राष्ट्रीय किसान आयोग (National Commission on Farmers - NCF) का गठन किया गया था तब इसके अध्यक्ष कौन थे?

Ans
- ✗ 1. चक्रवर्ती रंगराजन
- ✗ 2. वर्गीस कुरियन
- ✓ 3. एमएस स्वामीनाथन
- ✗ 4. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन

Q.98 भारत में रोपण कृषि मुख्यतः कहां की जाती है?

Ans
- ✗ 1. राजस्थान और गुजरात
- ✗ 2. पंजाब और हरियाणा
- ✓ 3. केरल और असम
- ✗ 4. ओडिशा और छत्तीसगढ़

Q.99 राज के पास ₹1,218 हैं। उन्होंने इसे अपने बेटों वरुण और आशीष में बाँट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि वरुण और आशीष को क्रमशः 13 और 14 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। राज ने आशीष को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✗ 1. ₹638
- ✓ 2. ₹580
- ✗ 3. ₹430
- ✗ 4. ₹738

Q.100 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OLR :: PMS : %

Ans
- ✗ 1. # = LKP, % = FGH
- ✗ 2. # = MKI, % = NHU
- ✗ 3. # = KLM, % = NHY
- ✓ 4. # = JGM, % = URX